**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**25.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**" मुख्य समाचार"**

- वरिष्ठ भाजपा नेता व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रदेश में दो चुनावी रैलियों को किया संबोधित– कांग्रेस पर अग्निवीर योजना को लेकर लोगों को गुमराह करने का लगाया आरोप।
- केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर का दावा– मोदी सरकार ने लोगों से किए हर वायदे को किया पूरा।
- कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिार्जुन खड़गे ने रोहडू में की चुनावी रैली–कहा– जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर लोकतंत्र को कमजोर कर रही है भाजपा।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का दावा– सीमित संसाधनों के बावजूद राज्य सरकार ने बहाल की कर्मचारियों की पुरानी पैंशन योजना–सभी गारंटियां होंगी पूरी।

---

**अमित शाह**

वरिष्ठ भाजपा नेता व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज प्रदेश में दो चुनावी रैलियों को संबोधित किया। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तहत ऊना के अम्ब में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने पार्टी प्रत्याशी अनुराग ठाकुर के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र का भरपूर विकास करवाया है और उन्होंने हर क्षेत्र में नाम रोशन किया है। अमित शाह ने कहा कि अनुराग ठाकुर प्रदेश की आवाज को पुरजोर ढंग से संसद में उठाते रहे हैं और वे केंद्र से कई बड़ी परियोजनाएं प्रदेश को लाए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश में भ्रष्टाचार व आतंकवाद का खात्मा हुआ है और दुनिया भर में भारत की साख बढ़ी है। उन्होंने कहा कि वन रैंक वन पैंशन लागू करना, अनुच्छेद 370 हटाना, अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण, तीन तलाक को समाप्त करना, आयुष्मान भारत योजना और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना मोदी सरकार की कुछ मुख्य उपलब्धियां हैं। अमित शाह ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर विकास कार्य रूकवाने का आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र द्वारा भेजे गए पैसे का प्रयोग मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार बचाने के लिए किया है।

**अमित शाह–2**

केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री व पार्टी प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने लोगों से किए गए हर वायदे को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि नए भारत के निर्माण में

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का विशेष योगदान है और उन्होंने आंतकवाद व अलगाववाद को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि जो काम कांग्रेस पार्टी आज तक नहीं कर पाई, वो मोदी सरकार ने 10 वर्षों में कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने हमेशा हिमाचल के हितों की रक्षा की है।

बाद में अमित शाह ने कांगड़ा में पार्टी प्रत्याशी राजीव भारद्वाज के पक्ष में भी चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने दावा किया कि अभी तक हुए चुनावों में भाजपा 3 सौ से अधिक सीटें जीत चुकी है और सातवें व अंतिम चरण का मतदान पूरा होने पर एनडीए को 4 सौ से अधिक सीटे मिलना तय है। अमित शाह ने कहा कि इंडी गठबंधन भ्रष्टाचारी नेताओं का गठबंधन है और ये सभी लोग व्यक्तिगत लाभ के लिए इकट्ठा हुए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने आपदा के समय हिमाचल को 3 हजार दो सौ करोड़ रुपए भेजे जबकि प्रदेश सरकार ने उसका दुरूपयोग किया है।

## अमित शाह–पत्रकार वार्ता

इस बीच अमित शाह ने धर्मशाला में एक पत्रकार वार्ता में कांग्रेस पार्टी पर अग्निवीर योजना को लेकर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सहित पार्टी के अन्य नेता लोगों में भ्रम फैला रहे हैं कि चार साल बाद अग्निवीरों का कोई भविष्य नहीं है और उनका जीवन बर्बाद हो जाएगा। अमित शाह ने स्पष्ट किया कि भर्ती किए अग्निवीरों में से 25 फीसदी की सेना में स्थायी नियुक्ति होगी जबकि अन्य अग्निवीरों को भाजपा शासित राज्यों में पुलिस भर्ती में 10 से 20 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा केंद्र सरकार ने अर्द्धसैनिक बलों में अग्निवीरों के लिए 10 फीसदी आरक्षण दिया है जबकि आयु सीमा और परीक्षा सहित उन्हें कई रियायतें दी गई हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि देश की सुरक्षा एजेंसियों व कंपनियों ने भी अग्निवीरों के लिए प्राथमिकता रखी है। इसके अलावा अग्निवीरों को ग्रेच्यूटी सहित अन्य सरकारी फायदे भी मिलेंगे। अमित शाह ने राहुल गांधी पर अपनी पार्टी के फायदे के लिए झूठ बोलने का आरोप लगाया।

## खड़गे

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज शिमला संसदीय क्षेत्र के तहत रोहड़ू में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने मतदाताओं से पार्टी प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में मतदान की अपील की। खड़गे ने दावा किया कि देश की जनता बदलाव चाहती है और अगली सरकार इंडी गठबंधन की बनने जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में जनता से जो वायदे किए हैं, उनमें से एक भी वायदा पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने भाजपा पर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा देशभर में सरकारें गिराने का काम कर रही हैं और हिमाचल में भी ऐसा ही असफल प्रयास किया गया। मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि पूर्व यूपीए सरकार ने लोगों से किए गए हर वायदे को पूरा किया और कर्नाटक व तेलंगाना में भी कांग्रेस सरकारों ने अपने वायदे पूरे किए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने इस लोकसभा चुनाव में महिलाओं, युवाओं और गरीबों के लिए पांच न्याय गारंटियां दी है जो हर हाल में पूरी की जाएंगी।

## खड़गे–पत्रकार वार्ता

बाद में मल्लिकार्जुन खड़गे ने शिमला में एक पत्रकार वार्ता में भाजपा पर लोगों को जाति व धर्म के नाम पर भटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 30 लाख से अधिक पद खाली पड़े हैं और भाजपा नेता ज्वलंत मुद्दों पर कोई चर्चा नहीं कर रहे हैं। खड़गे ने कहा कि भाजपा सिर्फ चुनाव के समय दलितों की चर्चा करती है जबकि चुनाव के बाद इनके लिए कोई कार्य नहीं किया जाता। कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा पर धनबल, ई.डी. और सीबीआई जैसी जांच एजैंसियों का दुरूपयोग कर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए इंडिया गठबंधन एकजुट हुआ है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का दावा भी किया।

## मुख्यमंत्री

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा ज़िले के अनेक स्थानों पर चुनावी रैलियों को संबोधित किया और पार्टी प्रत्याशी आनंद शर्मा को भारी मतों से जिताकर लोकसभा पहुंचाने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा महिलाओं को 1500 सौ रुपये की पैंशन रूकवाने में लगातार प्रयास कर रही है और केंद्र से भी इस बारे में दबाव डाला जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है, जिसे चुनाव आचार संहिता हटने के तुरंत बाद लागू किया जाएगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद राज्य सरकार ने कर्मचारियों को पुरानी पैंशन योजना बहाल की है जबकि लोगों को दी गई अन्य गारंटियां भी चरणबद्ध ढंग से पूरी की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा ने धनबल का प्रयोग कर राज्य सरकार को गिराने का असफल प्रयास किया और इन चुनावों में जनता खरीद–फरोख्त की राजनीति करने वालों को कड़ा सबक सिखाएगी।

## मुकेश अग्निहोत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार मजबूत है और विधानसभा उपचुनाव में सभी 6 सीटें जीतकर कांग्रेस पार्टी और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के केंद्रीय नेता हिमाचल में आकर अगर सरकार तोड़ने की बात करें तो प्रदेशवासी इसे सहन नहीं करेंगे। अग्निहोत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता राम मंदिर के नाम पर राजनीति कर रहे हैं जबकि 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन राज्य सरकार ने प्रदेश में पूरे दिन की छुट्टी का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल वोट हासिल करने के लिए ही कांग्रेस को राम मंदिर विरोधी कह रही है।

## कंगना रनौत

मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने कहा है कि सिर्फ भाजपा ही मंडी क्षेत्र का विकास कर सकती है। मंडी ज़िले के द्रंग विधानसभा क्षेत्र में आज चुनावी जनसंवाद अभियान के दौरान उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने मंडी संसदीय क्षेत्र को कई बड़े तोहफे दिए हैं। कंगना रनौत ने कहा कि कीरतपुर–मनाली फोरलेन सड़क और अटल टनल रोहतांग मोदी सरकार की ही देन है। उन्होंने कहा कि मंडी

में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का कार्य भी भाजपा का कुशल नेतृत्व ही कर सकता है। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों से ही हिमाचल का कायाकल्प हुआ है।

**विक्रमादित्य सिंह**

इस बीच कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने आज मंडी ज़िले के अनेक स्थानों पर चुनावी रैलियां की। उन्होंने कहा कि आपदा के समय प्रदेश में 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ लेकिन केंद्र ने आग्रह के बावजूद हिमाचल की मदद नहीं की। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी को मंडी में हुए विकास कार्य नज़र नहीं आते जबकि मंडी में आई.आई.टी., मैडिकल कॉलेज और कीरतपुर से कुल्लू फोरलेन सड़क का कार्य कांग्रेस सरकार की देन है।

**सुरेश कश्यप**

शिमला संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने आज कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने दावा किया कि देश में एक बार फिर एन.डी.ए. की सरकार बनना तय है और प्रदेश में भी भाजपा सभी चारों सीटें जीत रही हैं। सुरेश कश्यप ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश को बर्बादी के रास्ते पर ले जा रही है, इसलिए विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने और कांग्रेस को रोकने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सहयोग करना जरूरी है। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा मुस्लिम पर्सनल लॉ के बहाने शरिया कानून का समर्थन करती है, जबकि भाजपा का लक्ष्य देश में समान नागरिक संहिता लागू करना है।

**कांग्रेस पर्यवेक्षक**

धर्मशाला विधानसभा उपचुनाव के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक और उत्तराखंड के पूर्व कैबिनेट मंत्री धीरेंद्र प्रताप ने आज धर्मशाला बार एसोसिएशन में अधिवक्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने कांगड़ा संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा व धर्मशाला विधानसभा उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी देवेंद्र जग्गी के पक्ष में मतदान की अपील की। धीरेंद्र प्रताप ने धर्मशाला में हाईकोर्ट की बैंच स्थापित करने की वकालत भी की।